03.06.2025

प्रेस नोट

आज दिनांक 03 जून 2025 को मर्चेंट्स चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने श्रमायुक्त, उत्तर प्रदेश श्री मार्कण्डेय शाही से भेंट की तथा CIS सर्वेक्षण से संबंधित उत्पन्न हो रही समस्याओं के संदर्भ में एक ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल में चेंबर की इंडस्ट्री समिति के सलाहकार श्री प्रेम मनोहर गुप्ता, चेयरमैन श्री सुशील शर्मा तथा वाइस चेयरमैन श्री यादवेंद्र सिंह सचान सम्मिलित थे।

श्रमायुक्त श्री शाही ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि CIS सर्वेक्षण के दौरान यदि किसी प्रकार का उत्पीड़न किया जाता है, तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही, उन्होंने सर्वेक्षण प्रक्रिया को अधिक सरल और सुगम बनाने के प्रयास किए जाने की भी बात कही।

उन्होंने यह भी कहा कि उद्यमियों को CIS सर्वेक्षण के संबंध में जागरूक किया जाएगा तथा अनुपालन से संबंधित निर्देशों को सरल एवं बोधगम्य भाषा में प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, उद्यमियों को यह स्पष्ट रूप से बताया जाएगा कि किस प्रकार के उद्योगों पर कौन-कौन से अनुपालन नियम लागू होते हैं और कौन से नहीं।